# माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ०प्र०
## MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.
**Website : https://mpublp.ac.in** E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**


पत्रांकः माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/372 दिनांकः 13 अगस्त, 2026

## अधिसूचना

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार सर्वसम्बन्धित को अवगत कराना है कि माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 13.08.2026 को माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर की परीक्षाओं में उत्तीर्णांक तथा पॉलिसी ऑफ प्रमोशन के निर्धारण के सम्बन्ध में ऑनलाइन माध्यम से बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें निम्न निर्णय लिए गये :–

1. किसी भी कक्षा में लिखित तथा प्रायोगिक परीक्षा के अंको का विभाजन निम्नवत है–

   **(क)** लिखित– आंतरिक मूल्यांकन अंक + लिखित परीक्षा आधारित अंक

   **(ख)** प्रायोगिक – आंतरिक मूल्यांकन अंक + प्रायोगिक परीक्षा आधारित अंक

   आज की डीन कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन अंक एवं लिखित परीक्षा आधारित तथा आंतरिक मूल्यांकन अंक एवं प्रायोगिक परीक्षा आधारित अंक के प्रश्नपत्रों में दोनों को मिलाकर यदि कोई परीक्षार्थी न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त करता है, तो उसे उस प्रश्नपत्र/कोर्स में उत्तीर्ण माना जायेगा।

2. पॉलिसी ऑफ प्रमोशन विषय में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया –

   **(क)** स्नातक के छात्र–छात्राओं को अंतिम वर्ष के दो सेमेस्टर पूर्व तक यथा चतुर्थ सेमेस्टर/अष्टम् सेमेस्टर तक प्रमोट किया जायेगा। पंचम् सेमेस्टर/ नवम् सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए वही छात्र अर्ह होंगे, जो पूर्ववर्ती सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेंगे । यह भी निर्णय लिया गया कि त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होने की अधिकतम अवधि प्रवेशित वर्ष से पाँच वर्ष होगी तथा पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने की अधिकतम अवधि प्रवेशित वर्ष से सात वर्ष तक होगी।

   **(ख)** परास्नातक कक्षाओं में यह निर्णय लिया गया कि छात्र–छात्राएं आगामी सेमेस्टर में प्रमोट होते रहेंगे तथा उन्हें अंक पत्र व उपाधि तब निर्गत की जायेगी, जब वो समस्त सेमेस्टरों की परीक्षा उत्तीर्ण कर लेंगे। इस क्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि द्विवर्षीय पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने की अधिकतम अवधि प्रवेशित वर्ष से चार वर्ष तक होगी ।

भवदीय

(दिनेश कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ ।
2. नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित कालेज के लॉगिन पोर्टल पर अपलोड करें।
3. सम्बन्धित पत्रावली ।

परीक्षा नियंत्रक